**प्रसार भारती**
**भारतीय प्रसारण निगम**
**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**
**20.12.2024/प्रादेशिक समाचार/09.20 बजे**

**परीक्षा पर चर्चा**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अनूठे संवाद कार्यक्रम परीक्षा पे चर्चा की आठवीं कडी अगले महीने आयोजित होगी। कार्यक्रम के लिए माई जी.ओ.वी. पोर्टल पर पंजीकरण शुरू हो गया है और यह 14 जनवरी तक चलेगा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य परीक्षा का तनाव कम करना तथा विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों को इस अवसर को उत्सव की तरह मनाने के लिए प्रोत्साहित करना है।

**सीतारामन–बजट**

केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारामन आज राजस्थान के जैसलमेर में जीएसटी परिषद की 55वीं बैठक की अध्यक्षता करेंगी। इस दौरान वे विभिन्न राज्यों के वित्तमंत्रियों के साथ बजट–पूर्व परामर्श करेंगी। वित्तीय वर्ष 2025–26 का केंद्रीय बजट एक फरवरी को संसद में पेश किया जायेगा। यह वित्तमंत्री निर्मला सीतारामन का लगातार आठवां बजट होगा। इस बैठक में हिमाचल प्रदेश से .''तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी भी शामिल होंगें।

**शीतकालीन सत्र**

धर्मशाला स्थित तपोवन में चल रहे प्रदेश विधानसभा के शीतकालीन सत्र का आज तीसरा दिन है। सदन की कार्यवाही सुबह 11 बजे शुरू होगी। इस दौरान प्रश्नकाल के अलावा अन्य विधायी कार्य निपटाए जाएंगे।
और अधिक ब्यौरे के साथ धर्मशाला से हमारे विशेष संवाददाता....
डिस्पैच............

धर्मशाला स्थित तपोवन में चल रहे प्रदेश विधानसभा के शीतकालीन सत्र का आज तीसरा दिन है। सदन की कार्यवाही सुबह 11 बजे शुरू होगी। इस दौरान प्रश्नकाल के अलावा अन्य विधायी कार्य निपटाए जाएंगे। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू विभिन्न दस्तावेजों की एक–एक प्रति सभापटल पर रखेंगे। सदन में मुख्यमंत्री सरकारी विधेयकों पर विचार विमर्श कर प्रस्ताव पेश करेंगे। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर प्रदेश उच्चतर शिक्षा विभाग में भर्ती व पदोन्नति नियम 2024, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री अनिरूद्ध सिंह भारत के संविधान के अनुच्छेद 309 के तहत प्रति सभापटल पर रखेंगे। इसके अतिरिक्त सदन की समितियों के प्रतिवेदन और विधानसभा कार्य सलाहकार समिति का प्रस्ताव भी पेश किया जाएगा। राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी नियम 102 के तहत वन संरक्षण अधिनियम 1980 में संशोधन कर प्रस्ताव पेश करेंगे। इसके अलावा आज विधानसभा में गैर सरकारी कार्य दिवस है।
आकाशवाणी समाचार के लिए मैं धर्मशाला से रितेश कपूर आकाशवाणी

**मौसम**

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में आज भी मौसम साफ है। दिन के समय धूप खिलने से कुछ क्षेत्रों के अधिकतम तापमान में वृद्धि भी हुई है। हालांकि पिछले कुछ दिनों से प्रदेश के मैदानी जिलों के कई स्थानों में तापमान शून्य के आसपास दर्ज किया जा रहा है जिससे इन क्षेत्रों में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। विभाग ने प्रदेश में अगले 6 दिन तक ठंड का प्रकोप बढ़ने खासकर मैदानी और मध्यवर्ती जिलों में भीष्ण शीतलहर पड़ने की संभावना जताई है। ऊना, हमीरपुर, बिलासपुर में 23 दिसंबर तक शीतलहर का ऑरेंज अलर्ट जबकि 24 से 25 दिसंबर तक यलो अलर्ट जारी किया है।

मौसम वैज्ञानिक शोभित कटियार ने बताया कि 23 और 24 दिसंबर को प्रदेश की उंची चोटियों पर कहीं–कहीं बर्फबारी हो सकती है। तापमान में दो से तीन डिग्री की गिरावट दर्ज की गई है। लाहौल स्पीति जिले के ताबो में रात का न्यूनतम तापमान शून्य से माइनस आठ दशमलव तीन डिग्री सैल्सियस नीचे दर्ज किया गया है।

**स्पेशल ट्रेन**

विश्व धरोहर कालका–शिमला हेरिटज रेल ट्रैक पर आज से हॉलीडे स्पेशल ट्रेन चलेगी। पर्यटकों की बढ़ती संख्या को देखते हुए अंबाला रेल मंडल द्वारा इसे 28 फरवरी तक चलाने का फैसला लिया गया है। उल्लेखनीय है कि हर साल क्रिसमस और नए साल के अवसर पर देश–विदेश से हर साल शिमला के लिए हजारों की संख्या में सैलानी पहुंचते हैं।

**सुर्खियां समाचार पत्रों से**

आज सभी समाचार पत्रों ने विधानसभा के शीतकालीन सत्र से जुड़ी खबर को प्रमुखता दी है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के हवाले से अमर उजाला ने सुर्खी दी है **भ्रष्टाचार रोकने को बनेगा कानून, खैर छोड़ पेड़ कटान पर लगेगी रोक।** दिव्य हिमाचल के शब्द हैं **भ्रष्टाचार के खिलाफ आएगा ट्रांसपेरेंसी एक्ट।** हिमाचल दस्तक का कहना **है भ्रष्टाचार के खिलाफ एक्ट लाएगी सरकार।** आपका फैसला के अनुसार **जो भ्रष्टाचार करेगा, उसे जेल की सलाखों के पीछे भेजेंगे।** दैनिक जागरण के मुताबिक **सुक्खू ने मंत्रियों व विधायकों को दी क्लीन चिट, विपक्ष ने किया वाकआऊट।** पंजाब केसरी का शीर्षक है **मुख्यमंत्री के जवाब से असंतुष्ट विपक्ष ने की नारेबाजी।** दैनिक भास्कर लिखता है **भ्रष्टाचार पर जयराम का तंज, जिस अफसर पर सुक्खू लगाते थे आरोप, उसे एक्सेटेंशन क्यों।**